Australian Government
Department of Home Affairs

इस पृष्ठ पर

- महत्वपूर्ण कुशलताएँ और क्षेत्र
    - महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत या महत्वपूर्ण कुशलता-प्राप्त व्यक्तियों के लिए यात्रा में अपवाद-संबंधी आवश्यकताएँ
    - क्या मेरे पास यात्रा अपवाद के लिए निवेदन करने से पहले वीज़ा होना आवश्यक है?
    - एशिया-प्रशाँत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) व्यवसाय यात्रा कार्ड (एबीटीसी) [Asia-Pacific Economic Cooperation (APEC) Business Travel Card (ABTC)] के साथ यात्रा करना
    - अपवाद के लिए ऑनलाइन आवेदन करें
    - आगे के प्रश्न

महत्वपूर्ण कुशलताएँ और क्षेत्र

ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने कड़े सीमा नियंत्रण लागू किए हैं। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश और यहाँ से प्रस्थान करने के लिए बहुत ही सीमित उड़ानें उपलब्ध हैं । यदि आपको यात्रा अपवाद दे दिया जाए, तो भी ऐसा हो सकता है कि आप इस समय यात्रा करने में सक्षम न हो पाएँ। यात्रा प्रतिबंध परिवर्तन के अधीन हैं। कृपया नियमित रूप से यहाँ जाँच करें। देखें: राष्ट्रीय कैबिनेट का मीडिया वक्तव्य।

ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने वाले सभी यात्रियों को, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई नागरिक भी शामिल हैं, अपने आगमन के नगर में 14 दिनों के लिए होटल जैसी किसी निर्दिष्ट सुविधा में अनिवार्य रूप से संगरोध (क्वारंटाइन) करना होगा। यात्रियों के लिए कोरोनावायरस (COVID-19) के संबंध में सलाह देखें। आपको संगरोध के शुल्कों का भुगतान स्वयं करने की आवश्यकता हो सकती है। संगरोध की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित राज्य या राज्य-क्षेत्र के सरकारी स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें।

महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत या महत्वपूर्ण कुशलता-प्राप्त व्यक्तियों के लिए यात्रा में अपवाद-संबंधी आवश्यकताएँ

ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल के आयुक्त [Commissioner of the Australian Border Force] आपको व्यक्तिगत अपवाद दे सकते हैं, यदि आप ऐसे गैर-नागरिक हों:

- जो COVID-19 के उत्तर में सहायता के उद्देश्य से ऑस्ट्रेलियाई सरकार या किसी राज्य या राज्य-क्षेत्र सरकार के प्राधिकरण द्वारा दिए गए आमंत्रण पर प्रवेश करने वाले गैर-नागरिक हैं
- जो महत्वपूर्ण या विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएँ प्रदान कर रहे/रही हैं, जिनमें एयर एम्बुलेंस, चिकित्सीय निकासी और महत्वपूर्ण चिकित्सीय आपूर्तियों का वितरण भी शामिल है
- जिसे आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं (जैसे चिकित्सीय प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, दूरसंचार, इंजीनियरिंग और खनन, आपूर्ति श्रृंखला रसद, वृद्ध देखभाल, कृषि, प्राथमिक उद्योग, खाद्य उत्पादन और समुद्री उद्योग) की आपूर्ति बनाए रखने के लिए आवश्यक कुशलताएँ प्राप्त हों।

- जो ऑस्ट्रेलिया के आर्थिक सुधार के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों (जैसे वित्तीय प्रौद्योगिकी, बड़े पैमाने पर विनिर्माण, फिल्म, मीडिया और टेलीविजन उत्पादन और उभरती हुई प्रौद्योगिकी) में सेवाएँ प्रदान कर रहे/रही हैं, जहाँ ऑस्ट्रेलियाई कार्यकर्ता उपलब्ध नहीं हैं।
- जो धार्मिक या धर्मशास्त्र के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कुशलताएँ उपलब्ध करा रहे/रही हैं
- जिसे आपके कार्य-नियोक्ता द्वारा प्राथमिकता आव्रजन कुशलता-प्राप्त कार्य सूची (पीएमएसओएल) [Priority Migration Skilled Occupation List (PMSOL)] में सूचीबद्ध किसी कार्यक्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया में कार्य करने के लिए प्रायोजित किया जा रहा है
- जो ऑस्ट्रेलियाई सरकार या किसी राज्य या राज्य-क्षेत्र की सरकार के समर्थन से अपने प्रवेश के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय हित में योगदान दे रहे/रही हैं।

इस श्रेणी के तहत व्यक्ति-विशेष यात्रा अपवाद के लिए निवेदन प्रस्तुत कर सकता है या उसकी ओर से कोई व्यवसाय यह निवेदन प्रस्तुत कर सकता है। एक ही समूह/व्यवसाय के अंदर एकाधिक यात्रियों के आवेदनों को आपस में समायोजित किया जा सकता है, ताकि निवेदनों पर एक साथ विचार किया जाए।

कृपया नीचे दिए गए फॉर्म का उपयोग करके अपवाद के लिए निवेदन जमा करें और दावों का समर्थन करने के लिए उपयुक्त प्रमाण प्रदान करें। यदि अपर्याप्त प्रमाण उपलब्ध कराए जाते हैं, तो निवेदनों पर और अधिक विचार किए बिना अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। सभी दस्तावेजों को आधिकारिक रूप से अंग्रेज़ी में अनुवादित किया जाना आवश्यक है।

सामान्य रूप से अपवाद के लिए आवेदन नियोजित यात्रा की तिथि से कम से कम दो सप्ताह पहले, परंतु तीन महीनों के अंदर जमा किया जाना चाहिए। इस समय सीमा के अंदर तत्काल व्यावसायिक यात्रा पर विचार किया जाएगा।

निवेदन में निम्नलिखित विवरण शामिल होने चाहिए:

- **यात्री विवरण**: नाम, जन्मतिथि, वीज़ा का प्रकार और सँख्या, पासपोर्ट सँख्या, ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित आवासीय पता और फोन नंबर
- **यात्रा के कारण**: आयुक्त के विवेकानुसार/अपवाद के लिए आपके निवेदन पर विचार क्यों किया जाना चाहिए
- **सहायक कथन**: आप अपवाद के लिए महत्वपूर्ण कुशलता/महत्वपूर्ण क्षेत्र के किसी एक आधार को कैसे पूरा करते/करती हैं
- **समर्थनकारी प्रमाण**: निवेदन के साथ समर्थनकारी प्रमाण उपलब्ध कराए जाने चाहिए, जैसे महत्वपूर्ण वस्तुओं और सेवाओं के प्रावधान में शामिल व्यवसाय की ओर से संबंधित पत्र, ऑस्ट्रेलियाई सरकार या राज्य और राज्य-क्षेत्र के सरकारी प्राधिकरण की ओर से बयान जिसमें यह बताया गया हो कि इस समय आपके लिए यात्रा करना महत्वपूर्ण क्यों है

यात्रा करने से पहले व्यक्तियों को एक वैध वीज़ा और आयुक्त से अपवाद प्राप्त हो जाना चाहिए।

क्या मेरे पास यात्रा अपवाद के लिए निवेदन करने से पहले वीज़ा होना आवश्यक है?

इस श्रेणी के तहत निवेदन करने वाले व्यक्ति-विशेष के पास ऑस्ट्रेलिया के यात्रा प्रतिबंधों से अपवाद के लिए आवेदन करते समय वीज़ा होना आवश्यक नहीं है। यदि यात्रा अपवाद को स्वीकृति दे दी जाए, तो यात्रा करने

के लिए आपको एक वैध वीज़ा की आवश्यकता होगी। वीज़ा जारी किए जाने के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जाना चाहिए। वीज़ाओं के प्रकार और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी विभाग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

एशिया-प्रशाँत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) व्यवसाय यात्रा कार्ड (एबीटीसी) [Asia-Pacific Economic Cooperation (APEC) Business Travel Card (ABTC)] के साथ यात्रा करना

एबीटीसी (ABTC) धारकों और आवेदकों के पास ऑस्ट्रेलिया के यात्रा प्रतिबंधों से स्वतः अपवाद प्राप्त नहीं है। यदि आपको किसी महत्वपूर्ण क्षेत्र से संबंधित व्यवसाय के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने की आवश्यकता है, तो आप अपवाद के लिए निवेदन कर सकते/सकती हैं और अपने दावों के समर्थन में प्रमाण उपलब्ध करा सकते/सकती हैं।

एबीटीसी (ABTC) आपको ऑस्ट्रेलिया में काम करने की अनुमति नहीं देता है। यदि आप ऑस्ट्रेलिया में काम करने का उद्देश्य रखते/रखती हैं, तो आपके पास कार्य का अधिकार देने वाला एक वैध वीज़ा होना चाहिए।

अपने एबीटीसी (ABTC) का उपयोग करके ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के बारे में और अधिक जानकारी के लिए विदेशी आवेदकों के लिए एशिया-प्रशाँत आर्थिक सहयोग (एबीईसी) की वेबसाइट देखें।

अपवाद के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

कृपया प्रति व्यक्ति केवल एक निवेदन जमा करें। दोहरे निवेदन जमा करने से आकलन में देरी होगी। यदि आपको अपवाद नहीं दिया जाता है, तो आपको अपनी यात्रा योजनाएँ जारी नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि आपको ऑस्ट्रेलिया आने वाले विमान में सवार नहीं होने दिया जाएगा। यदि आपको यात्रा अपवाद प्राप्त हो जाता है, तो आपको उस अपवाद के निर्णय का प्रमाण हवाईअड्डे ले जाना होगा।

ऑनलाइन आवेदन करें

आगे के प्रश्न

यदि आपके पास महत्वपूर्ण कुशलताओं और क्षेत्रों, तथा यात्रा अपवाद प्रक्रिया या किसी मौजूदा महत्वपूर्ण कुशलताएँ यात्रा अपवाद आवेदन के बारे में और अधिक प्रश्न हैं, तो कृपया ऑनलाइन पूछताछ फ़ॉर्म पूरा भरें।